भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 157
जिसका उत्तर मंगलवार 11 दिसम्बर, 2018 को दिया जाना है

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

157. श्री पी. नागराजन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसके पहले निर्यात आदेश को चिली और एस्टोनिया देशों से व्यापार बढ़ाने की योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) चिली और एस्टोनिया से पहले निर्यात आदेशों का उत्पाद-वार मूल्य कितना है;
(घ) क्या इन देशों के साथ किसी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग): भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) अपने विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं के संवर्धन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगातार व्यापार अवसरों का पता लगा रहा है।

चिली और एस्टोनिया से पहली बार मिले निर्यात आदेशों के ब्यौरे, जिन्हें बीएचईएल द्वारा सफलतापूर्वक निष्पादित भी किया गया है, निम्नानुसार हैं:

i) नवम्बर, 2016 में मैसर्स निक्यूल इलेक्ट्रिक लिमिटेड, चिली को ₹29 लाख के ट्रांसफार्मर बुशिंग निर्यात किए गए।
ii) फरवरी, 2017 में स्केनफिल ओवाई वाना सुगा, एस्टोनिया को ₹2.00 लाख के इलेक्ट्रोनिक कार्ड निर्यात किए गए।

(घ): चिली और एस्टोनिया के साथ बीएचईएल द्वारा किसी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

(ङ): उपर्युक्त (घ) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

******